लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1348

11 फरवरी, 2019 को उत्तर के लिए

स्पंज लौह संयंत्र

1348. श्री लखन लाल साहूः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में वर्तमान में कार्यरत सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के स्पंज लौह संयंत्रों की छत्तीसगढ़ सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार संख्या कितनी है;

(ख) इन संयंत्रों द्वारा सृजित रोजगार के अवसरों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उक्त संयंत्रों में स्थानीय लोगों को रोजगार देने के लिए कोई प्रावधान किया गया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री विष्णु देव साय)**

(क): वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान छत्तीसगढ़ सहित देश में सार्वजनिक और निजी क्षेत्र में स्पंज आयरन प्लांटों की संख्या निम्नलिखित हैं:

राज्य	**इकाइयों की संख्या**
झारखंड	66
ओडिशा	79
पश्चिम बंगाल	34
छत्तीसगढ़	60
गोवा	3
महाराष्ट्र	7
गुजरात	4
आंध्र प्रदेश	7
कर्नाटक	33

तमिलनाडु	6
तेलंगाना	12
कुल निजी क्षेत्र	**311**
सार्वजनिक क्षेत्र	
तेलंगाना	1
कुल: सार्वजनिक+निजी	**312**

(ख): संयुक्त संयंत्र समिति (जेपीसी) द्वारा करवाए गए सर्वेक्षण के अनुसार घरेलू स्पंज आयरन बाजार में कुल रोजगार 1,15,927 था।

(ग) और (घ): निजी इस्पात क्षेत्र में कर्मचारियों की भर्ती पर विशिष्ट निर्णय व्यक्तिगत इस्पात कंपनियों/निवेशकों द्वारा उनकी आवश्यकता के आधार पर लिए जाते हैं। सीपीएसई के मामले में भर्ती सरकारी दिशा-निर्देशों के आधार पर होती है।

****